**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत जनपद झाँसी में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी महोदय, झाँसी की अध्यक्षता में दिनांक 16.07.2026 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त।**

दिनांक 16.07.2026 को जिलाधिकारी महोदय, झाँसी की अध्यक्षता में जनपद झाँसी की जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में निम्नानुसार सदस्य/अधिकारी उपस्थित रहें:-

| क्र0 सं0 | अधिकारी का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाद | मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी। |
| 2 | श्री योगेन्द्र कुमार | अपर जिलाधिकारी (न.ग.), झाँसी। |
| 3 | श्री मुकेश कुमार सिंह | अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी। |
| 4 | श्री मुकेश पाल सिंह | अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), झाँसी। |
| 5 | श्री उमेश प्रसाद | अधिशासी अभियन्ता, झाँसी डिवीजन जल संस्थान, झाँसी। |
| 6 | श्री ए.के. सिंह | अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-3, लो.नि.वि., झाँसी। |
| 7 | श्री नितेश प्रताप सिंह | सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी। |
| 8 | श्रीमती शिल्पी वर्मा | सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी। |
| 9 | श्री अनिल कुमार | सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी। |
| 10 | श्री वैभव गंगवार | सहायक अभियन्ता (वि./यां.), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी। |
| 11 | श्री अर्जुन ठाकुर | टीम लीडर, पी.एम.सी., झाँसी। |
| 12 | श्री आशुतोष श्रीवास्तव | टीम लीडर, टी.पी.आई., झाँसी। |
| 13 | श्री नितिन त्यागी | प्रतिनिधि मेसर्स एन.सी.सी., झाँसी। |
| 14 | श्री संदीप दीक्षित | जी.एम., वी.जी.सी.सी., झाँसी। |
| 15 | श्री जे.एस. पेट्रीक | पी.एम., मेसर्स आई.एच.पी., झाँसी। |

जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा में निम्न बिन्दुओं पर निर्देशित किया गया :-

- **जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद झाँसी में निर्माणाधीन 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के कार्यों की समीक्षा।**

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद झाँसी में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनायें निर्माणाधीन है, जिनके कार्यों की अद्यतन प्रगति निम्नानुसार है :-

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं में से 07 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं (गुलारा, बचावली, तिलैथा, बुढ़पुरा, बड़वार, कुरैछा एवं पुरवा) के समस्त कार्य पूर्ण करते हुये लगभग 15 माह से 07 नग योजनाओं का संचालन एवं अनुरक्षण अनुबन्धित फर्म के माध्यम से किया जा रहा है। शेष 03 नग पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य प्रगति पर है।



Scanned with OKEN Scanner

बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि निर्माण खण्ड–3, लोक निर्माण विभाग, झाँसी के के नियंत्रणाधीन सड़क निर्माण एवं अन्य कार्य कर रही फर्मो द्वारा निम्न विवरण अनुसार विभिन्न स्थानों पर पाइप लाइनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है, जिस कारण ग्रामों की जलापूति बाधित हो गयी है एवं पत्राचार करने के उपरान्त भी उनके द्वारा क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों की मरम्मत का कार्य नही कराया जा रहा है।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | क्षतिग्रस्त पाइप लाइन का स्थल | ग्रामों की संख्या | ग्राम का नाम | समयावधि | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | टेहरका ग्राम समूह पेयजल योजना | बामौर–गढ़वई–ककरवई मार्ग | 01 | **खरका** | लगभग 1½ माह | गढ़वई–ककरवई मार्ग पर ग्राम खरका के समीप निर्माण खण्ड–3, लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्ग के बगल से लापरवाहीपूर्ण तरीके से मिट्टी निकालने के दौरान पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा पाइप लाइन की मरम्मत कराने हेतु लोक निर्माण विभाग, झाँसी को पत्राचार किया गया है। वर्तमान तक पाइप लाइन मरम्मत का कार्य नही कराया गया है. |
| 2 | | ग्राम गढ़वई से परसुआ सम्पर्क मार्ग। | 07 | परसुआ, सैंगुवा, कैरोखर, नागर, रघौली, भदरवारा खुर्द एवं वीरपुरा | 10 जून–26 | निर्माण खण्ड–3, लोक निर्माण विभाग द्वारा परसुआ सम्पर्क मार्ग चौड़ीकरण के दौरान 200 मिमी. व्यास की डी.आई. के–9 पाइप लाइन को विभिन्न स्थानों पर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। |
| 3 | | गुरसरांय–मोठ मार्ग | 1 | बरगांय अहीर | अप्रैल–2026 | अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–3, लोक निर्माण विभाग, झाँसी के नियंत्रणाधीन पुलिया निर्माण का कार्य कर रही फर्म द्वारा पुलिया के बाहर बिछी 150 मिमी. व्यास की डी.आई. के–7 पाइप लाइन को ग्राम इंदी के समीप क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। |
| 4 | | एरच से डिकौली मार्ग पर | 1 | डिकौली | अप्रैल–2026 | अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–3, लोक निर्माण विभाग, झाँसी के नियंत्रणाधीन सड़क/नाला निर्माण का कार्य कर रही फर्म द्वारा एच.डी.पी.ई. पाइप एवं गृह संयोजनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। |

जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्माण खण्ड–3, लोक निर्माण विभाग, झाँसी के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि उक्त क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों की मरम्मत कराना सुनिश्चित करें। ताकि ग्रामवासियों को पेयजल से लाभान्वित किया जा सकें।

Scanned with OKEN Scanner

**इमलौटा ग्राम समूह पेयजल योजना** :- योजनान्तर्गत प्रस्तावित समस्त सिविल कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। 19250 नग गृह संयोजनो के माध्यम से योजना में सम्मिलित कुल 87 ग्रामों के सापेक्ष समस्त ग्रामों को कमीशन्ड करते हुये 75 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। साथ ही 15 ग्रामों को "हर घर जल" प्रमाणित किया जा चुका है तथा अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवशेष ग्रामों में आगामी माह अगस्त के अन्त तक जलापूर्ति प्रारम्भ करने तथा ग्रामों में अवशेष सड़क पुर्नस्थाना कार्य को पूर्ण कराने हेतु आश्वस्त किया गया।

**टेहरका-बरथरी ग्राम समूह पेयजल योजना** :- टेहरका ग्रा.स.पे.यो. में 17540 नग क्रियाशील गृह संयोजन (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना में सम्मिलित 93 ग्रामों के सापेक्ष 88 ग्रामों को कमीशन्ड करते हुये 72 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है तथा बरथरी ग्रा.स.पे.यो. में 7730 नग क्रियाशील गृह संयोजन (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना में सम्मिलित 106 ग्रामों के सापेक्ष 93 ग्रामों में आंशिक एवं 61 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। बैठक में उपस्थिति फर्म के प्रतिनिधि श्री संदीप दीक्षित द्वारा अवगत कराया गया कि टेहरका ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के समस्त ग्रामों में सितम्बर-2026 तक तथा अक्टूबर-2026 में बरथरी ग्राम समूह पेयजल योजना के कार्यों को पूर्ण करते हुये जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी।



बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में (O&M) संचालित 07 नग योजनाओं के कुछ ग्रामों में शत-प्रतिशत जलापूर्ति नही की जा रही है। अपर मुख्य सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ द्वारा भी साप्ताहिक वर्चुअल बैठक में फर्मो को निर्देशित किया गया है कि यदि उनके द्वारा शीघ्र समस्त ग्रामों में शत-प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ नही करायी जाती है, तो उनकी योजना को O&M की श्रेणी से हटाते हुये पुनः ट्रायल एण्ड रन की श्रेणी में सम्मिलित कर दिया जायेगा। उक्त के क्रम में इस खण्ड द्वारा सम्बन्धित फर्म को लिखित रूप से निर्देशित किया गयाहै।

बैठक के दौरान लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता/सहायक अभियन्ताओं द्वारा अवगत कराया गया कि जल निगम (ग्रामीण) द्वारा विभिन्न मार्गो जैसे- हमीरपुर-राठ-चिरगॉव (राज्य मार्ग-42), दमोह-पूँछ-गुरसरांय-टिकमगढ मार्ग (राज्य मार्ग-131) को पाइप लाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। जिस पर अपर जिलाधिकारी (न.ग.), झाँसी द्वारा जल निगम (ग्रामीण) द्वारा क्षतिग्रस्त की गयी सड़कों का विवरण उपलब्ध कराने हेतु लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया। **"साथ ही जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा अपर जिलाधिकारी (न.ग.) झाँसी को अवगत कराया गया कि लोक निर्माण विभाग के विभिन्न खण्डों एवं जल निगम (ग्रामीण)**

Scanned with OKEN Scanner

के अधिशासी अभियन्ता के साथ संयुक्त बैठक कर समन्वय स्थापित कराते हुये प्रकरणों को निस्तारित कराया जायें। अन्यथा की स्थिति में मानकों के विपरित कार्य करने वाली फर्मो से क्षतिग्रस्त मार्गों एवं पाइप लाइन मरम्मत कार्य पर होने वाले व्यय के समान अर्थदण्ड अध्यारोपित किया जाये। साथ जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि सर्व प्रथम प्राथमिकता पर क्षतिग्रस्त ग्रामों की सड़कों को मोटरेबुल कराया जाये। ताकि वर्तमान वर्षा ऋतु में ग्रामवासियों को आवागम में किसी प्रकार की असुविधा न हों। साथ ही जिलाधिकारी महोदय, झाँसी पाइप लाइन मरम्मत एवं क्षतिग्रसत सड़कों की मरम्मत हेतु जिम्मेदारी तय करते हुये जल निगम (ग्रामीण) एवं लोक निर्माण विभाग को अवगत कराया गया कि जिन स्थानों पर पाइप लाइन निर्धारित मानक एवं कार्य स्थल की वास्तविक स्थिति के अनुसार बिछायी गयी है। उक्त स्थान पर सड़क निर्माण के दौरान पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में पाइप लाइन का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा एवं जिन स्थानों पर पाइप लाइन निर्धारित मानक के अनुसार नही बिछायी गयी है, उक्त स्थानों पर क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत का कार्य जल निगम (ग्रामीण) द्वारा स्वंय के व्यय पर कराया जायेगा। उक्त का अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु अपर जिलाधिकारी (न.ग.), झाँसी को अवगत कराया गया।"

बैठक के दौरान जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन (रैट्रोफिटिंग/पुर्नगठन/नई योजनायें) 04 पैकेजों की समीक्षा की गयी, जिसके सापेक्ष अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद झाँसी में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कुल 04 नग पैकेज स्वीकृत है, जिनके निर्माण कार्य प्रगति पर है। परन्तु लगभग 1½ वर्ष से अधिक समय से योजनान्तर्गत कराये गये कार्यो का भुगतान न होने के कारण योजनाओं की प्रगति धीमी है।

पैकेज संख्या–01 में सम्मिलित समस्त 07 योजनाओं के 15 ग्रामों में से 09 ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही है। शेष कार्य भुगतान न होने के काण बांधित है।



पैकेज संख्या–02 में सम्मिलित समस्त 13 योजनाओं के 21 ग्रामों में से 20 ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही है। मात्र 01 ग्राम बसारी में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करने हेतु जल जीवन मिषन के अन्तर्गत निर्मित बड़वार ग्राम समूह पेयजल योजना से जोड़ा जाना प्रस्तावित है।

पैकेज संख्या–03 में सम्मिलित समस्त 05 योजनाओं के 21 ग्रामों में से 12 ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ (06 ग्रामों में शत–प्रतिशत एवं 06 ग्रामों 60–70 प्रतिशत) की जा चुकी है। 08 ग्रामों को बरथरी एवं 01 ग्राम को इमलौटा ग्राम समूह पेयजल योजना से पेयजल प्राप्त करते हुये जलापूर्ति प्रारम्भ की जानी प्रस्तावित है। योजनाओं के

Scanned with OKEN Scanner

अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु आवश्यक धन की मांग करने के लिये जिलाधिकारी महोदय द्वारा उनकी ओर से अपर मुख्य सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को पत्र प्रेषित कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया।

जनपद झाँसी में जल निगम (ग्रामीण) द्वारा जनरल विपिन रावत डिफेन्स कॉरीडोर झाँसी नोड की जलापूर्ति हेतु योजना निर्माणाधीन है। योजनान्तर्गत प्रस्तावित इन्टेक वेल, 350 मिमी. व्यास की रॉ-वाटर राईजिंग मेन बिछाने का कार्य, 1300 किली. क्षमता के आर.डब्लू.आर. कम पम्प हाउस का निर्माण कार्य, 1.50 एम.एल.डी. क्षमता के वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट का कार्य, 650 किली. क्षमता की स्वच्छ जलाशय का निर्माण कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है तथा वाटर वर्क्स कैम्पस की वाउण्ड्री वाल निर्माण कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान तक योजना के 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण किये जा चुके है। योजना पर दिनांक 20.05.2026 विद्युत संयोजन प्राप्त हो गया है एवं योजना का टेस्टिंग एवं कमीशनिंग कार्य प्रगति पर है।

जनरल विपिन रावत डिफेन्स कॉरीडोर झाँसी नोड योजना के द्वितीय चरण में प्रस्तावित 03 नग ओवर हैड टैंकों के कार्य टॉप डोम तक पूर्ण किया जा चुका है। राईजिंग मेन बिछाने का कार्य 85 प्रतिशत पूर्ण कराते हुये वर्तमान तक योजना के 78 प्रतिशत कार्यो को पूर्ण किये जा चुके है। शेष कार्यों को दिसम्बर-2026 तक पूर्ण करा लिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा आगामी बैठक में डिफेन्स कॉरीडोर से सम्बन्धित यूपीडा के अधिकारियों को भी प्रतिभाग करने हेतु अवगत कराया गया।

बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामों की जा रही जलापूर्ति से सम्बन्धित समस्त जानकारी प्राप्त करने एवं किसी भी समस्या के सम्बन्ध में विभाग को अगवत कराने के उद्धदेश्य से "जल सारथी ऐप" ग्राम प्रधानों एवं ग्रामवासियों के मोबाईल पर डाउनलोड कराया जा रहा है, ताकि ग्राम प्रधानों एवं ग्रामवासियों द्वारा योजनाओं में सम्मिलित ग्रामों की जा रही जलापूर्ति की अद्यतन स्थिति एवं जलापूर्ति सम्बन्धी समस्या के सम्बन्ध में ऐप के माध्यम से विभाग को अवगत कराया जा सकें। विभाग समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रतिबद्ध है।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा समस्त विभागों अध्यक्षों को समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रहे विद्युत, पेयजल एवं पेयजल समस्याओं के सम्बन्धित शीर्षकों का गम्भीरतापूर्वक संज्ञान लेते अविलम्ब निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

अन्ततः धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गयी।

अनुमोदित

अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

(गौराग राठी)
जिलाधिकारी, झाँसी।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी।

पत्रांक-2341/एम-28/एस0टी0/नमामि गंगे/कार्यवृत/2026-27/123 दिनाँकः 21-8-2026

प्रतिलिपि- निम्नांकित को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

1- मा0 प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति उ0 प्र0 शासन, लखनऊ।

2- अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।

3- मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी।

4- समस्त सम्बंधित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

Scanned with OKEN Scanner